हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026

तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

4 तालाब के दूषित पानी में निस्तारी की मजबूरी वार्ड वासियों में आक्रोश, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन





## खबर संक्षेप

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम को मिला समर्थन

**सारंगढ़।** भारत के सभी क्षेत्रों में महिलाओं को मजबूत प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण दिलाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में नारी शक्ति वंदन बाइक रैली का आयोजन शाम को 5 बजे के आसपास सारंगढ़ में जनपद पंचायत कार्यालय सारंगढ़ से खेलभांठा मैदान तक किया गया। बाइक रैली के माध्यम से महिला शक्ति ने दी नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समर्थन दी, वहीं 9667173333 पर मिसकॉल से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समर्थन कर सकते हैं। इस रैली के समापन कार्यक्रम खेलभांठा मैदान में किया गया, जहां पूर्व विधायक कामदा जोल्हे, केराबाई मनहर, जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी साहू, सहोदरा सिदार, वैजन्ती लहरे, लक्ष्मी साहू आदि की अगुवाई में सैंकड़ो महिलाएं शामिल थी। कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को पंचायत से लेकर संसद तक विधानसभा और लोकसभा में आरक्षण बढ़ाने के प्रावधान का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### साहू भवन में होगा रक्तदान शिविर आज

**सारंगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के जिला इकाई सारंगढ़ बिलाईगढ़ और सहयोग ब्लड बैंक के सयुंक्त तत्वाधान में 17 अप्रैल को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक सारंगढ़ के साहू भवन रानीसागर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति अपना रक्तदान कर सकते है और दूसरों के जीवन रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़।** युवाओं के उच्च शिक्षा के विभिन्न कोर्स के प्रवेश परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट व्यापम सीजी डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन में में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है।
प्रीपॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल, प्रीबीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 24 अप्रैल और बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल निश्चित है। सभी प्रवेश परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में बनाया गया है।

### 104 तीर्थयात्री अयोध्या धाम के लिए रवाना

**रायगढ़।** रामलला दर्शन योजना के तहत रायगढ़ जिले से 104 तीर्थयात्रियों का 15वां जत्था आज अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे में 76 श्रद्धालु ग्रामीण क्षेत्रों से तथा 28 श्रद्धालु नगरीय क्षेत्र से शामिल हैं, जो इस धार्मिक यात्रा को लेकर अत्यंत उत्साहित नजर आए। रवाना होने से पूर्व सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगलमय यात्रा की कामना की गई। पूरे वातावरण में भक्ति का माहौल देखने को मिलाए जहां जय श्रीराम के जयघोष से परिसर गूंज उठा।

### उद्योग मंत्री लखन लाल पहुंचे अस्पताल, मरीजों का जाना हाल

# हादसा हृदय विदारक, कहीं न कहीं हुई लापरवाही, बख्शे नहीं जाएंगेः देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



यह हादसा हृदयविदारक है। कहीं न कहीं लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। हादसे के लिए जिम्मेदारों को बख्शा नहीं जाएगा, कड़ी कार्रवाई होगी। यह कहना है उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन का जो गुरुवार को रायगढ़ में भर्ती घायल मरीजों से मिलने के बाद चर्चा के दौरान कही। दरअसल सक्ती के वेदांता पावर प्लांट मे हुए हादसे के तीसरे दिन उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन रायगढ़ पहुंचे। वे अस्पताल पहुंचे और मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। वहीं चिकित्सकों से भी बेहतर इलाज को लेकर चर्चा की। उन्होंने अन्य अस्पतालों में भी जाकर हाल-चाल जाना।

गौरतलब है कि मंगलवार की दोपहर को सक्ती के ग्राम सिंघीतराई में स्थित वेदांता पावर प्लांट में भीषण हादसा हो गया, जिसमें वहां कार्यरत तीन दर्जन से अधिक श्रमिक बुरी तरह से झूलस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। कई लोगों के अपने इस धमाके के शोर के साथ ही हमेशा के लिए उनसे दूर जा चुके थे। मंजर इतना भयावह था कि रेस्क्यू करने पहुंचे अन्य श्रमिकों की रूह कांप गई। आनन-फानन में घायल श्रमिकों को रायगढ के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। जिसमें घटना के 12 घंटे के भीतर ही 12 से अधिक श्रमिकों की मौत इलाज के दौरान हो गई। समय बीतने के साथ-साथ ही मरने वालों की संख्या भी बढ़ती गई और बुधवार की शाम तक यह आंकड़ा 20 तक पहुंच गया। इधर सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन भी पहुंचते गए। इस हादसे की चपेट में आकर किसी का भाई तो किसी का पिता और किसी का बेटा इस दुनिया से हमेशा के लिए चला गया। इसी कड़ी में गुरूवार की दोपहर प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन मरीजों की स्थिति जानने पहुंचे। रायगढ़ पहुंचने के बाद मंत्री श्री देवांगन अपेक्स अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने मरीजों की स्थिति को लेकर वहां के चिकित्सकों से चर्चा की। जिसके बाद वे बालाजी मेट्रो अस्पताल पहुंचे, जहां इलाजरत दो श्रमिकों से उन्होंने बात की। इसके साथ ही डॉ प्रकाश मिश्रा से भी मरीजों के बेहतर इलाज को लेकर चर्चा की। बताया जा रहा है कि बालाजी में एडमिट मरीजों की हालत अन्य मरीजों से बेहतर है। हालांकि इन श्रमिकों को आईसीयू भी रखा गया है।

इसके बाद मंत्री श्री देवांगन मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने बर्न वार्ड के आईसीयू में भर्ती मरीजों की स्थिति जानी और बेहतर उपचार के निर्देश दिए। बता दें कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती 3 मरीजों में से एक की मौत बुधवार को ही हो गई, जबकि दो अन्य की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। उक्त दोनो श्रमिक करीब 90 फीसदी तक झूलस चुके हैं।

**खास बात**
- चिकित्सकों से भी की चर्चा, बेहतर इलाज का दिया निर्देश

#### जांच के बाद होगी सख्त कार्रवाई : लखनलाल

इस दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि इस हादसे की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री ने दण्डाधिकारी जांच के आदेश दिए हैं। हादसे की वजह जानने का प्रयास किया जा रहा है। किन कारणों से यह हादसा हुआ है, इसकी भी विस्तृत जांच की जा रही है। जांच में स्पष्ट हो जाएगा कि इस भीषण हादसे के लिए कौन जिम्मेदार है। जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर 5 लाख और केन्द्र सरकार की ओर 2 लाख की मुआवजा राशि देने की घोषणा की गई है। वहीं केन्द्र सहित राज्य सरकार इस हादसे में घायल श्रमिकों की स्थिति की जानकारी लगातार ले रहें है।

#### कांग्रेस की 10 सदस्यीय जांच टीम भी पहुंची अस्पताल

वेदांता पॉवर प्लांट बॉयलर ट्यूब ब्लास्ट मामले में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की 10 सदस्यीय जांच समिति रायगढ़ के जिंदल हॉस्पिटल पहुंची। मामले की जांच और पीड़ितों से मुलाकात के बाद समिति अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए पीसीसी चीफ अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि दो दिन पहले शक्ति स्थित वेदांता प्लांट में बड़ा हादसा हुआ जिसमें 20 लोगों की मौत हुई है और कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की टीम ने पहले घटना स्थल का निरीक्षण किया और अब जिंदल हॉस्पिटल पहुंचकर मरीजों का हाल-चाल जाना है। जहां कुछ मरीजों की स्थिति में सुधार बताया जा रहा है। दीपक बैज ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्लांट प्रबंधन की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है।



#### परिजनों का आरोप, कोई नहीं ले रहा सुध

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वर्तमान में मनीष कुमार पिता हरिनारायण यादव उम्र 24 निवासी सोनभद्र उत्तरप्रदेश का इलाज चल रहा है। इस हादसे में मनीष कुमार करीब 80 फीसदी झूलस चुका है, ऐसे में उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। जानकारी मिलने के बाद उसके भाई सहित परिवार के 7 सदस्य यहां पहुंचे हैं। मनीष के भाई रामदीन कुमार यादव और संजय कुमार यादव ने बताया कि मनीष की हालत के बारे में उन्हें जानकारी नहीं दी जा रही है और ना ही यहां से कोई सपोर्ट मिल रहा है। यहां ना तो कंपनी के अधिकारी और ना ही प्रशासन के अधिकारी उन्हें कुछ बता रहे हैं। ना तो खाने की व्यवस्था है और ना ही रहने की। सोनभद्र से यहां आने और रहने-खाने के लिए अब तक करीब 30 हजार रूपए से अधिक खर्च हो चुके हैं।

## तेज धूप की तपिश बच्चों को दो दिन और करनी पडेगी बर्दाश्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**शासन ने की ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा, 20 अप्रैल से 15 जून तक स्कूल रहेंगे बंद**

तेज धूप की तपीश बच्चों को दो दिन और बर्दास्त करनी पड़ेगी। शनिवार के बाद बच्चों की 55 दिन तक बल्ले-बल्ले हो जाएगी। लगातार बढती गर्मी और बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए 20 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश का ऐलान किया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी करते हुए समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है।

गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से तापमान में लगातार बढोत्तरी के बाद भी बच्चों को स्कूल जाना पड रहा है। ज्यादातर स्कूलों की छुट्टी दोपहर 12 से 1 बजे के बीच होती है। ऐसे में बच्चों को घर लौटते वक्त भीषण गर्मी का सामना करना पडता है, इस समय सूरज सिर पर होता है और गर्मी अपने चरम पर। ऐसे मे बच्चों की तबीयत खराब होने की संभावना बनी रहती है। वर्तमान में तापमान 41 डिग्री तक पहुंच चुका है। ऐसे में सुबह करीब 9 बजे से ही सूरज की तपिश लोगों को झूलसा रही है। आलम यह है कि दोपहर करीब 12 बजे से ही गर्म हवाएं चल रही है जो शाम करीब 5 बजे तक गर्मी का एहसास कराती हैं। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में तापमान 42 से 42.5 तक होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। ऐसे में लोगों को दोपहर में बेवजह घर से बाहर नहीं निकलने और सावधानी बरतने को कहा गया है। चिकित्सा विभाग ने भी समय-समय पर तरल पेय का सेवन करने की सलाह दी जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 की स्वगणना प्रक्रिया आज से प्रारंभ

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना की प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गई है, जो आगामी 30 अप्रैल तक संचालित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण अभियान के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिससे जनगणना प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सके। स्वगणना के लिए नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपनी आवश्यक जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीयन कर आसानी से प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए स्वगणना में सक्रिय रूप से भाग लें और सटीक एवं अद्यतन आंकड़ों के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## 5 ट्रकों से 21 लाख का अवैध कबाड़ जब्त, 4 गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा क्षेत्र में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमार कार्रवाई करते हुए कर 5 वाहनों से कुल 89.28 टन अवैध कबाड़ जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 21 लाख रुपए बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने 4 ट्रकों को अवैध कबाड़ परिवहन करते हुए पकड़ा, जबकि एक ट्रक लावारिस हालत में बरामद हुआ है। इस कार्रवाई में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है, वहीं लावारिस वाहन के मालिक की तलाश जारी है। पूंजीपथरा पुलिस ने अग्रोहा प्लांट के पासए तमनार चौक, महालक्ष्मी कार्टिंग क्षेत्र और गेरवानी सलासर चौक में कार्रवाई करते हुए 4 ट्रकों को पकड़ा। जांच के दौरान किसी भी वाहन चालक द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इन ट्रकों से क्रमशः 25.51 टन, 24.20 टन, 4.95 टन और 11 टन कबाड़ बरामद किया गया। कबाड़ के साथ.साथ वाहनों को भी जब्त किया गयाए जिससे कुल जप्त संपत्ति की कीमत लाखों में पहुंच गई। इसके अलावा गेरवानी क्षेत्र में एक और ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलई 9157 लावारिस हालत में मिलाए जिसमें 23.62 टन कबाड़ लोड था। चालक और मालिक का कोई पता नहीं चलने पर पुलिस ने संदेह के आधार पर वाहन जब्त कर लिया है और उसकी जांच जारी है। ज्ञात ही कि बीते दिनों एसएसपी ने अवैध कबाड़ कारोबार पर नियंत्रण के लिए हाल ही में उद्योगों और अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि केवल वैध दस्तावेजों के आधार पर ही कबाड़ का क्रय.विक्रय किया जाए। इसके बावजूद अवैध परिवहन की सूचनाएं मिलने पर पुलिस ने सघन अभियान चलाया और कार्रवाई की।



### एनटीपीसी लारा में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारम्भ



**रायगढ़।** ग्रीष्म ऋतु की आगमन के साथ आगजनी की जैसी घटना घटित होते हुए जान माल का नुकसान होता है। ऐसी घटना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एनटीपीसी लारा प्लांट के केऔसुब अग्निशमन केन्द्र में अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर सुभाष ठाकुर परियोजना प्रमुख एवं एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, उप कमाण्डेंट महावीर सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट अग्नि देवेन्द्र नाथ सिंह और सीआईएसएफ के अन्य अधिकारीगण और बल सदस्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा अग्निशमन सेवा का शुभारम्भ किया गया तथा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा बॉम्बे डॉक यार्ड में आगजनी से शहीद हुए फायर ब्रिगेड के सभी कर्मचारियों के सम्मान में शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सप्ताह के अन्र्तगत होने वाले प्रोग्राम के बारे में बताया गया। जिसमें स्कूल के बच्चें, महिलायें, वर्करस और अन्य एजेंसियो को अग्नि से होने वाले नुकसान से बचाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर एनटीपीसी लारा के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महालक्ष्मी कास्टिंग में वेल्डिंग करते समय 35 फीट ऊंचाई से गिरे श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



ग्राम पंचायत लाखा के आश्रित ग्राम चिराईपानी में महालक्ष्मी कास्टिंग्स प्रायवेट लिमिटेड में शेड पर वेल्डिंग करने के दौरान एक श्रमिक का संतुलन बिगडने से वह 35 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया। जिससे उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी अदंरूनी चोंट लगी। आनन-फानन में उसे रायगढ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसने इलाज के दौरान दम तोड दिया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसर मूलतः मीर हसन वल्द समीदीन उम्र 50 वर्ष निवासी बागपत उत्तरप्रदेश बीते कुछ वर्षों से महालक्ष्मी कास्टिंग्स परिसर के लेबर क्वार्टर में रहते हुए कंपनी में ही एक ठेकेदार के मातहत काम करता था। विगत 15 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे महालक्ष्मी कास्टिंग्स परिसर स्थित करीबन 35 फीट ऊपर शीट में चढ़कर मीर हसन वेल्डिंग का काम कर रहा था। इसी बीच अचानक उसका शारीरिक संतुलन बिगड़ा और वह खुद को सम्हाल पाता इसके पहले ही ऊंचाई गिर गया। उसकी चीख पुकार सुनकर आस-पास मौजूद श्रमिक आनन-फानन में वहां पहुंचे, लेकिन तब तक मीन हसन काफी जख्मी हो चुका था। जिसके बाद उसे बिना समय गवाएं रायगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्से में अंदरूनी चोंट लगी है। ऐसे में उसका गहन उपचार शुरू किया गया। हालांकि इलाज प्रारंभ होने के कुछ घंटों बाद ही उसने दम तोड दिया। जिसके बाद हसन के शव को जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां पुलिस ने पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## कलेक्टर ने बरमकेला में जनगणना प्रशिक्षण का किया अवलोकन

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बरमकेला में चल रहे जनगणना कर्मियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता का जायजा लिया और अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की प्रक्रियाए उपस्थित कर्मियों की सहभागिता तथा दिए जा रहे विषय.वस्तु की जानकारी ली। कलेक्टर ने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के दौरान उपस्थिति अनिवार्य सुनिश्चित की जाए और अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने मास्टर ट्रेनर्स से प्रशिक्षण मॉड्यूल के बारे में विस्तार से चर्चा की और सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी कर्मियों को जनगणना के प्रत्येक बिंदु की स्पष्ट एवं व्यवहारिक जानकारी दी जाए। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रगणकों को जनगणना संबंधित सवाल भी किया और पूछा कि इस बार की जनगणना कठिन है या पहले वाला। तब सभी ने एक स्वर में कहा कि इस बार मोबाइल एप की जनगणना सरल है।

## सालों से नकली सिगरेट का धंधा, महादेव पान मसाला सेंटर में पुलिस की छापेमारी



**रायगढ़।** चक्रधर नगर पुलिस ने कॉपीराइट और ट्रेडमार्क उल्लंघन के मामले में कार्रवाई करते हुए नकली सिगरेट के अवैध कारोबार का पर्दाफाश किया है। चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के सिंधी कॉलोनी स्थित महादेव पान मसाला सेंटर और उसके गोदाम पर छापेमारी कर पुलिस ने 61 हजार रुपए से अधिक कीमत के नकली सिगरेट पैकेट जब्त किए हैं।

यह कार्रवाई आईटीसी कंपनी के प्रतिनिधि सदानंद मिश्रा की शिकायत पर की गई। शिकायत में बताया गया था कि रायगढ़ में असली ब्रांड से मिलते-जुलते नकली सिगरेट उत्पाद बड़े पैमाने पर बेचे जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को गुमराह किया जा रहा है और कंपनी की साख को नुकसान पहुंच रहा है। बीते 15 अप्रैल को पुलिस टीम ने गोपनीय तरीके से सिगरेट के नमूने खरीदे। जांच में गोल्ड फ्लेक ब्रांड के पैकेट में लोगो और फॉन्ट में गड़बड़ी पाई गई। साथ ही गोल्ड विमल जैसे नकली उत्पाद भी सामने आए, जो ट्रेडमार्क का उल्लंघन कर रहे थे। इसके बाद सीएसपी मयंक मिश्रा के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस ने तत्काल रेड कार्रवाई की। इस दौरान मौके पर आईटीसी कंपनी की टीम भी मौजूद रही। जांच में पाया गया कि दुकान संचालक लक्ष्मण दास जय सिंह द्वारा नकली सिगरेट का संग्रहण और थोक वितरण किया जा रहा था।
छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में नकली सिगरेट जब्त किए, जिनमें गोल्ड विमल के 920 डिब्बे, गोल्ड फ्लैक किंग के कई पैकेट, व्हाइट फ्लेक्स, गोल्ड किंग और अन्य ब्रांड शामिल हैं। जब्त माल की कुल कीमत 61 हजार 310 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण दास जय सिंह उम्र 52 वर्ष, निवासी सिंधी कॉलोनी, को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ थाना चक्रधरनगर में धारा 318,1, 349, ट्रेडमार्क अधिनियम 1999 की धारा 103, 104 और कॉपीराइट अधिनियम 1957 की धारा 63, 64 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### स्कूल, पानी टंकी, तालाब और गांव का है मुख्य मार्ग, निर्माण नहीं होने से बढ़ी परेशानी

# मिड़मिड़ा में दो सीसी सड़क का 20 लाख में होना था निर्माण, एक ईंट नहीं रखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सांसद मद की राशि किस कदर दुरुपयोग होता है इसकी बानगी देखना है तो मिड़मिड़ा और एकताल गांव पहुंच सकते हैं। दोनों ग्राम पंचायत में तकरीबन एक करोड़ के काम कांग्रेस के राज्यसभा सांसद केटीएस तुलसी के मद से स्वीकृत किया गया था। इसमें मिड़मिड़ा में दो सीसी सड़क 20 लाख में निर्माण होना था, लेकिन अब तक एक ईंट तक नहीं रखी गई है।

दिलचस्प बात यह है कि 20 में 14 लाख 99 हजार निकाल भी लिया गया है। इस सड़क की जरुरत ग्रामीणों को थी, कारण वहां से गुजर कर बच्चे स्कूल जाते हैं, ग्रामीण तालाब जाते हैं और वहां पानी टंकी भी है जहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है। काफी जर्जर होने की वजह से ग्रामीणों ने सांसद मद से स्वीकृत कराया था, लेकिन ठेकेदार की मनमानी ने ग्रामीणों के मंसूबे पर पूरी तरह से पानी फेर दिया। अभी भी जर्जर कच्ची सड़क पर ही ग्रामीणों का चलना पड़ रहा है, जबकि 20 लाख मिल चुका था। चुनाव के बाद चुने गए नए सरपंच ने इस सड़क के लिए कई बार अधिकारियों से मिलकर निर्माण पूरा करने की मांग की, लेकिन अधिकारियों ने भी नजर अंदाज कर दिया है। अब जांच की मांग की जा रही है। बीते 2023-24 में पुसौर ब्लॉक के मिड़मिड़ा और एकताल के साथ आश्रित गांव धनुहारडेरा में करीब एक करोड़ का काम सांसद मद से स्वीकृत किया गया था। इसका वेंडर कोसीर के महावीर ट्रेडर्स को मिला था। वेंडर ने राशि तो रनिंग बिल लगाकर निकाल ली, लेकिन काम पूरा किया ही नहीं। मिड़मिड़ा सरपंच ने बताया कि उनके गांव में दो सीसी सड़क के लिए 20 लाख में निर्माण होना था। जहां सड़क बनना था वहां से बच्चे स्कूल के लिए गुजरते हैं। जर्जर होने की वजह से काफी परेशानी होती है, लेकिन ठेकेदार को इससे कोई मतलब नहीं है। उसने तो बिना काम रनिंग बिल लगाकर 14 लाख 99 हजार निकाल लिया है। यह जानकारी वहां के सरपंच ने ही दी है। अब काम होगा या नहीं इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। वेंडर तीन साल से इस काम को रोक रखा है।


बिना काम पूरा किए राशि का आहरण, जांच में खुलासा, कलेक्टर ने बनाई जांच कमेटी

#### जांच हो गई पूरी, अब कार्रवाई

यह मामला जब संज्ञान में आया तो कलेक्टर ने जांच कराई। जांच में काम नहीं होने का खुलासा हुआ है। अब उसे पूरा करने कलेक्टर ने दो तीन महीने का समय दिया है। इसके बाद भी काम नहीं होगा तो पुलिस में मामला दर्ज कराया जाएगा। दूसरी ओर वेंडर ने पारिवारिक कारणों से काम नहीं कर पाने का हवाला दिया हैं, लेकिन शासन को ठेकेदार के घरेलू समस्या से क्या लेना-देना। ऐसे में माना जा रहा है कि वेंडर के खिलाफ अब कार्रवाई हो सकती है।

#### एकताल में निजी बोर

जानकारी मिली है कि एकताल में तो इस मद से निजी बोर खनन हो गया है। हालांकि इसकी पुष्टि अधिकारियों की जांच में हुई है या नहीं इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। जांच रिपोर्ट कलेक्टर के पास पहुंच गई है। यदि सच में सरकारी राशि से किसी के घर में बोर खनन हुआ है तो इससे बड़ा कारनामा और कुछ नहीं हो सकता।

#### अधिकारियों को दी गई है जानकारी

इस मामले में मिड़मिड़ा सरपंच पूर्णचंद गुप्ता ने बताया कि गांव में दो सीसी सड़क सांसद मद से स्वीकृत हुआ था। अब तक काम नहीं हुआ है, जबकि 14 लाख 99 हजार निकल चुका है। अधिकारियों को इसकी जानकारी देकर काम पूरा करने की मांग की गई है।


BRILLIANT PUBLIC SCHOOL
विद्या
तेषामादित्य वज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम्
Wisdom for Universal Enlightenment
ESTD. 2001
Brilliant Public School
Igniting Wisdom
2001 25th 2025
BRILLIANT PUBLIC SCHOOL
Anniversary
SILVER JUBILEE
Success Is The Echo Of Diligence Reverberating Through The Halls Of Achievement
CBSE 10TH RESULT 2025-26
SNIGDHA MAJUMDAR 98.80%
GARGI GOSWAMI 98.60%
SHAURYA SAHU 98.40%
HARSHITA YADAV 97.60%
SIMRAN JIWNANI 97.20%
ANISHKA GUPTA 96.80%
ROUNAK SAHU 96.80%
SOUMIL SAHU 96.80%
HARSHEEN KAUR TUTEJA 96.60%
ARSH MISHRA 96.40%
NAITIK DAYALANI 96.00%
UTKARSH SINHA 96.00%
AADITA KAUSHIK 95.80%
ROSHNI MANGTANI 95.80%
AKSHAT SHRIVASTAVA 95.60%
DARSHNI GOSWAMI 94.40%
JASLEEN KAUR HORA 95.40%
PAVNI MISHRA 95.00%
SHREETI JAISWAL 95.00%
SHAMBHAVI SINGH 94.80%
AKSHAT PHULESAR 94.40%
DARSHNA TOLANI 94.40%
GARGI MISHRA 94.40%
AAHANA AGRAWAL 94.00%
AAKRITI SINGH 94.00%
ARADHYA KAUSHIK 94.00%
SHREYASH SHARMA 94.00%
VANSH NIKHAR 94.00%
SHAURYA NARAYAN PANDEY 93.80%
VAIDIK SONTHALIA 93.80%
VARTIKA DUBEY 93.40%
MAYANK RAGHAV 93.40%
ISHITA PRASAD 93.20%
NIMRIT KAUR HORA 93.00%
SPARSH GARG 93.00%
AKSHATA DWIVEDI 92.60%
DHANYA YASHSHAWI KSHATRIYA 92.60%
KANAK KUMBHARE 92.40%
NAVAL SINGH SALUJA 92.40%
AARUSH KUNWAR 92.20%
JIYA CHAWLA 92.20%
MAYANK BARMAN 92.20%
MIHIR KUMAR DUBEY 92.20%
AKSHIT RAJ 92.00%
ATHARV AZAD 92.00%
BHAVYA CHOPDA 91.80%
MANNAT CHANDNANI 91.40%
SOUMYA AGRAWAL 91.40%
NAIVEADYA SHARMA 91.20%
VEDARSH GARG 91.20%
AKSHITA DWIVEDI 91.00%
SHRINKHALLA ADHISHREE YADAV 91.00%
ADITI AGRAWAL 90.80%
VANSH HARYANI 90.60%
AMBAR SINGH 90.20%
ATHARVA KASHYAP 90.20%
P ISHITA 90.20%
TWINKLE NETAM 90.20%
& Many more....
90%+ 58 STUDENTS | 85-90% - 44 STUDENTS | 80-85% - 36 STUDENTS
BRILLIANT SALUTES ITS ANGELS.
ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2026-27
BILASPUR | KORBA | AMBIKAPUR | MUNGELI
OPENING SOON
AdPRAYAS

**खबर संक्षेप**

### पीतल की अंगूठी को सोना का बता ले उड़े सोने का मंगलसूत्र

**राजपुर।** ज्वेलर्स दुकान में मंगलसूत्र खरीदने के बहाने दो युवकों ने न सिर्फ दुकानदार को चकमा दिया बल्कि बातो में उलझाकर अपने पास रखे पीतल के अंगूठी को सोने का बता कर 54 हजार से अधिक कीमत का सोने का मंगलसूत्र ले उड़े। दुकान संचालक ने घटना की शिकायत थाने में की है। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी युवकों की तलाश में जूट गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर लगभग 3.30 बजे स्टेट बैंक के समीप प्रकाश ज्वैलर्स में दो अज्ञात व्यक्ति पहुंची और मंगलसूत्र का लॉकेट देखने की बात कही। जिस पर दुकानदार ने 54 हजार 690 रुपए कीमत का मंगलसूत्र दिखाया गया। इसी बीच दोनो ने अपने पास रखे अंगूठी को दिखा कर दुकानदार से कीमत पूछी तो दुकानदार ने अंगूठी की कीमत लगभग 57 हजार 500 रुपए का होना बताया। दोनों युवक ने अपने अंगूठी के बदले मंगलसूत्र देने तथा शेष 2,810 राशि बाद में समायोजित करने का झांसा दिया गया और दुकानदार को बातों में उलझाकर कुछ समय बाद मंगलसूत्र लेकर दुकान से फरार हो गए। इधर जब दुकानदार ने अंगूठी की जांच की तो उसके होश उड़ गए। अंगूठी सोने के बजाय पीतल का निकला। दुकानदार ने धोखाधड़ी कर 54 हजार से अधिक कीमत के सोने का मंगलसूत्र ले जाने की शिकायत थाने में की। बताया जा रहा है कि दोनों पैदल दुकान आए थे। बताया जा रहा है कि दोनो वाड्रफनगर में भी पीतल के अंगूठी को सोना बता कर बदलने गए थे लेकिन सफल नहीं हो सके। बहरहाल मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जूट गई है।

### पलक झपकते ही चोरों ने पार की बाइक

**सीतापुर।** नगर के पुराने बस स्टैंड स्थित मोबाइल दुकान के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पलक झपकते ही पार कर दिया। पीड़ति बाइक में चाभी लगा छोड़कर मोबाइल दुकान के अंदर गया था। दस मिनट बाद जब वो दुकान से बाहर आया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। जानकारी अनुसार ग्राम तेलाइधार निवासी फनाउल्लाह खान उर्फ भोला आ. सेजाम खान (35 वर्ष ) पुराना बस स्टैंड स्थित मोबाइल दुकान आया था। युवक अपनी बाइक क्रमांक सीजी 13 डब्ल्यू 4801 में चाभी लगा छोड़ मोबाइल दुकान में चला गया। दस मिनट बाद जब दुकान से बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो मोबाइल दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया तो कैमरे में एक अज्ञात व्यक्ति बाइक ले जाते नजर आया। घटना की रिपोर्ट बाइक मालिक ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### फरार आरोपी ने विशेष न्यायाधीश के समक्ष किया आत्मसमर्पण

**अम्बिकापुर।** गत दिनों 295 नग नशीला कैप्सूल के मामले में आबकारी नियंत्रण कक्ष से फरार आरोपी ने आज विशेष न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि 11 अप्रैल को आबकारी उड़नदस्ता टीम ने मुखबिर की सूचना पर आईटीआई कॉलोनी विश्रामपुर निवासी भोले घसिया के शयन कक्ष से कुल 295 नग नशीला कैप्सूल जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत कार्रवाई कर रिमांड के लिए सूरजपुर आबकारी नियंत्रण कक्ष ले गया। जहां आरोपी भोले घसिया को आबकारी नियंत्रण कक्ष में प्रधान आरक्षक मेवालाल सोनवानी एवं एक महिला सैनिक के हवाले कर एक अन्य कार्रवाई के लिए आबकारी उड़नदस्ता एवं सूरजपुर की टीम दूसरी तरफ चली गई। इसी बीच आरोपी भोले घसिया ने पानी पीने के बहाने चकमा देकर फरार हो गया था। आज आरोपी भोले घसिया ने विशेष न्यायाधीश नारकोटिक्स के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आरोपी भोले घसिया को पुनः गिरफ्तार कर न्यायालय से रिमांड लेकर आज जेल दाखिल कर दिया गया है।

### गौ तस्करी पर जशपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 9 गौवंश मुक्त, आदतन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में गौ तस्करी के खिलाफ पुलिस का सख्त रुख लगातार नजर आ रहा है। थाना लोदाम क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन से तस्करी कर ले जाए जा रहे 9 गौवंशों को सुरक्षित मुक्त कराया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 14 अप्रैल को लोदाम पुलिस को सूचना मिली कि एक सफेद पिकअप वाहन में गौवंशों को भरकर जशपुर से झारखंड की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने नेशनल हाईवे-43 पर भलामंडा तिराहे के पास नाकाबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध वाहन आते दिखाई दिया, जिसे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन को तेज गति से भगाने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा किए जाने पर आरोपी कुछ दूरी पर वाहन छोड़कर जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप वाहन की तलाशी ली, जिसमें 9 गौवंश ठूस-ठूस कर भरे हुए मिले। सभी गौवंशों को सुरक्षित बाहर निकालकर जब्त कर लिया गया तथा वाहन को भी कब्जे में लिया गया।



#### वाहन के आधार पर पहचान

इमरान खान उम्र 28 वर्ष, निवासी साईं टांगर टोली, थाना लोदाम के रूप में की। सघन सर्च अभियान चलाकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसके विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (1)(क)(घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है और उसके विरुद्ध पूर्व में भी गौ तस्करी एवं चोरी के कई प्रकरण दर्ज हैं।

#### दो सप्ताह में 82 गौवंश मुक्त

उल्लेखनीय है कि जशपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन शंखनाद" के तहत पिछले दो सप्ताह में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 82 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है। साथ ही 8 आरोपियों की गिरफ्तारी एवं तस्करी में प्रयुक्त तीन वाहनों की जब्ती की गई है।

#### आरोपी बख्शे नहीं जाएंगे

इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने बताया कि जिले में गौ तस्करी के विरुद्ध सख्त अभियान जारी है। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है तथा तकनीकी निगरानी भी बढ़ाई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गौ तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## सीएम आज विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का 17 अप्रैल को जशपुर प्रवास संभावित है। मुख्यमंत्री श्री साय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अंतर्गत राज्य को पीएमजीएसवाय के तहत नए स्वीकृत सड़को का भूमिपूजन और विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री जशपुर में बुजुर्गों के डे केयर यूनिट के रूप में विकसित किए गए नवनिर्मित सियान गुड़ी का भी शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां जिला प्रशासन ने तेज कर दी हैं। इस संबंध में आज कलेक्टर रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने रणजीता स्टेडियम पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से संबंधित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन की सभी तैयारी समय सीमा में पूर्ण कर कार्यक्रम के सफल आयोजन के निर्देश दिए।

## राजस्व पखवाड़ा के तहत 184 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- नामांतरण, जाति प्रमाण पत्र और सीमांकन मामलों के निराकरण में आई तेजी
- राजस्व शिविरों से आमजनों को मिली राहत

लोगों की राजस्व संबंधी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया गया। राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक पत्थलगांव तहसील में आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु व्यापक स्तर पर कार्यवाही की गई।

इस दौरान शिविरों का आयोजन कर राजस्व संबंधी आवेदन प्राप्त कर लोगों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस अवधि में कुल 354 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 184 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 170 लंबित प्रकरणों पर तेजी से कार्यवाही की जा रही है। तहसीलदार पत्थलगांव के मार्गदर्शन में विभिन्न राजस्व से संबंधित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया गया। विशेष रूप से जाति प्रमाण पत्र के 65, निवास प्रमाण पत्र के 53 एवं आय प्रमाण पत्र के 48 प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण किया गया, जिससे आम नागरिकों को त्वरित राहत मिली। इसी प्रकार राजस्व मदों के अंतर्गत अविवादित नामांतरण के प्राप्त आवेदन में से 16 का त्वरित निराकरण किया गया तथा शेष प्रकरण पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन हैं। सीमांकन के 6 मामलों में से 2 का निराकरण कर 4 प्रकरणों पर कार्यवाही जारी है। इसके अलावा खाता विभाजन एवं अन्य प्रकरणों में भी आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। राजस्व पखवाड़ा के दौरान आयोजित शिविरों में बी-1 (खसरा) का वाचन किया गया तथा पटवारी प्रतिवेदन हेतु प्राप्त आवेदनों पर भी आवश्यक कार्रवाई की गई। कई प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति एवं फील्ड जांच की प्रक्रिया जारी होने के कारण निराकरण लंबित है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा के माध्यम से शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को उनके अधिकारों से संबंधित सेवाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह पहल न केवल राजस्व मामलों के त्वरित समाधान में सहायक सिद्ध हो रही है, बल्कि प्रशासन और आम नागरिकों के बीच विश्वास को भी मजबूत कर रही है।



## केंद्रीय विद्यालय का 24वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यालय का 24वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने भाषण नृत्य, संगीत एवं अन्य रंगारंग प्रस्तुतियों से उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों के उत्साह और रचनात्मकता ने समारोह को विशेष बना दिया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ शिक्षक अमित कुमार एक्का द्वारा स्थापना दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में सत्र 2025–26 की सीबीएसई परीक्षा में कक्षा दसवीं के 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में निरंतर परिश्रम एवं उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। ज्ञातव्य है कि केंद्रीय विद्यालय जशपुर की स्थापना दिनांक 16 अप्रैल 2003 को हुई थी तथा सन 2017 में विद्यालय को स्थाई रूप से जशपुर के गम्हरिया स्थान पर स्थानांतरित एवं निर्मित किया गया। समारोह के समापन अवसर पर शिक्षक चंदन कुमार राय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।




## घरघोड़ा साइडिंग की अव्यवस्था से परेशान हो रहे ग्रामीण



- क्षेत्रवासियों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे उस्मान

**घरघोड़ा ।** गारे पेलमा से घरघोड़ा रेलवे साइडिंग तक संचालित कोयला परिवहन में बढ़ती ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार, धूल प्रदूषण, सड़क क्षति, कांटा घर क्षेत्र की अव्यवस्था, लंबी कतार, बैरियर समस्या, रात्रिकालीन बाहरी गतिविधियों, दबावपूर्ण व्यवहार और प्रशासनिक निष्क्रियता को लेकर सोमवार को दर्जनों क्षेत्रवासियों के साथ जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस रायगढ़ ग्रामीण उस्मान बेग एसडीएम कार्यालय घरघोड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने ज्ञापन सौंपकर प्रशासन को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया।

एसडीएम ने पूरे मामले को गंभीरता से सुनते हुए नियमों के अनुरूप जांच और त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया। जिला अध्यक्ष उस्मान ने ज्ञापन में बताया कि पिछले लगभग एक से डेढ़ माह से अधिकृत ट्रांसपोर्टर की गाड़ियों की मनमानी और अडानी प्रबंधन की ढीली निगरानी के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। भारी कोयला लदी गाड़ियां पूरे मार्ग के साथ साथ घरघोड़ा के दोनों बायपास चौक, कांटा घर क्षेत्रए रेलवे स्टेशन मार्ग और आबादी वाले हिस्सों से अत्यधिक तेज रफ्तार से गुजर रही हैं। बड़ी संख्या में वाहन ओवरलोडए कई तो बिना तिरपाल और सैकड़ो गाड़िया अव्यवस्थित लाइन व्यवस्था के साथ संचालित हो रहे हैं, जिससे धूल प्रदूषण बढ़ने के साथ सड़क सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

## तमनार में बूथ चलो अभियान से कांग्रेस संगठन को मिली नई ऊर्जा

**तमनार।** कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए तमनार ब्लॉक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष नरसिंह साहू तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तमनार के द्वारा बूथ चलो अभियान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नगेंद्र नेगी, लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार एवं जिला प्रभारी महामंत्री दीपक मंडल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को बूथ एवं पंचायत स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि तमनार ब्लॉक में पार्टी के प्रति जनसमर्थन लगातार बढ़ रहा है। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी चुनावों में जीत की नींव बूथ स्तर पर मजबूत संगठन से ही रखी जाती है। इसी उद्देश्य के साथ बूथ चलो अभियान के माध्यम से हर पंचायत और हर बूथ पर सक्रिय कमेटियों के गठन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जिला अध्यक्ष नगेंद्र नेगी ने कहा कि



कांग्रेस पार्टी हमेशा जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष करती रही है और संगठन की मजबूती ही इस संघर्ष की असली ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर.घर जाकर लोगों को कांग्रेस की नीतियों और योजनाओं से अवगत कराएं तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें।

वहीं विधायक विद्यावती सिदार ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मजबूत संगठन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं और उनकी भूमिका चुनाव के साथ.साथ जनसेवा में भी अहम होती है। प्रभारी महामंत्री दीपक मंडल ने संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर उन्हें नेतृत्व का अवसर देना कांग्रेस की परंपरा रही है। इससे संगठन में नई ऊर्जा और विचारों का संचार होता है।

कार्यक्रम के दौरान बूथ एवं पंचायत कमेटियों के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी दिनों में संगठन विस्तार के लिए ठोस कार्ययोजना भी तैयार की गई। तमनार में आयोजित श्बूथ चलो अभियान केवल एक कार्यक्रम नहींए बल्कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की एक ठोस पहल के रूप में सामने आया है।



## पूर्वांचल चौहान समाज ने की भवन की मांग

**लोइंग महापल्ली।** पूर्वांचल क्षेत्र में चौहान समाज के लिए सामुदायिक भवन की मांग एक बार फिर जोर पकड़ती नजर आ रही है। इसी कड़ी में चौहान कल्याण समिति पूर्वांचल के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने एक संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन प्रस्तुत कर भवन स्वीकृति की मांग उठाई है। समाज के लोगों ने रायगढ़ विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नाम सौंपा । आवेदन में पूर्वांचल क्षेत्र में चौहान समाज के लिए अब तक कोई भवन उपलब्ध नहीं होने का उल्लेख करते हुए शीघ्र स्वीकृति की मांग की गई है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष सेवक राम चौहान पतरापाली, सहित श्याम सुंदर चौहान सकरबोगा, गुरुदेव चौहान कोटरापाली, जागेश्वर चौहान लोइंग, हृदय राम चौहान लामीदरहा, सुभाष चौहान भेलवाटिकरा और सेतराम चौहान चक्रधरपुर समेत अनेक समाजजनों ने अपने हस्ताक्षर कर सामूहिक रूप से मांग का समर्थन किया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो ने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए मंत्री चौधरी को अनुशंसा पत्र सौंपा और भरोसा दिलाया कि समाज की इस महत्वपूर्ण मांग को प्राथमिकता देते हुए जल्द स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले भी पिछले वर्ष महापल्ली प्रवास के दौरान समाज की ओर से इसी आशय का आवेदन मंत्री श्री चौधरी को दिया गया था।

### शौर्य प्रताप की पहल पर 15 लाख से बनेगा पुल

# झारगांव को मिलेगी टापू के जीवन से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत जशपुर के उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव की पहल पर दुलदुला ब्लाक के ग्राम पंचायत बांसाताल के आश्रित गांव झारगांव के रहवासियों को अब बरसात के दिनों में टापू सा जीवन जीने से मुक्ति मिल जाएगी। जिला पंचायत जशपुर के उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव की पहल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुल निर्माण के लिए 15 लाख रूपये की स्वीकृति दी है। इस पुल निर्माण के लिए शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने भूमि पूजा किया।

भूमि पूजा समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे शौर्य प्रताप सिंह जूदेव का ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े और पुष्प वर्षा के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने पुल निर्माण का भूमि पूजा किया। इस दौरान उन्होनें ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर सहित प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होनें कहा कि छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्ति मिल चुका है। अब बारी विकास की है। उन्होनें बताया कि झारगांव के निवासियों ने उन्हें बस्ती के पास बहने वाली पहाड़ी नाले में पुल ना होने से बरसात के दिनों में होने वाली कठिनाईयों से अवगत कराया था। उन्होंने कहा कि भाजपा क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कृत संकल्पित है। जल्द ही पुल का निर्माण पूरा हो जाएगा। झारगांव के रहवासियों ने पुल निर्माण के लिए जिला पंचायत के उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव का आभार जताया है।



#### झारखंड से लगा गांव

उल्लेखनीय है कि झरगांव छत्तीसगढ और झारखंड की अंर्तराज्यी सीमा पर स्थित गांव है। लगभग 400 की आबादी वाले इस गांव तक पहुंचने के लिए एक पहाडी नाला को पार करना होता है। बारिश के दिनों में पहाड़ी नाले पर उफान आने पर झारगांव के निवासी अपने घरों में कैद हो कर रह जाया करते थे। सबसे अधिक परेशानी गांव में किसी के स्वास्थय खराब होने पर होती है। इस पुल का निर्माण हो जाने पर इन सारी कठिनाईयों से झारगांव के निवासियों को मुक्ति मिल जाएगी।

## बिलाईगढ़ में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती



**बिलाईगढ़।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सरसीवा, गाडापाली, झुमका, टुण्डरा, बिलाईगढ़, कोसमकुंडा एवं ओडकाकन सहित विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने एकत्रित होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर क्षेत्र की विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे की विशेष उपस्थिति रही।

## 90 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक अर्जित किए

# जिंदल स्कूल ने रचा इतिहास, जागृति को मिला 99.6 प्रतिशत

**168 छात्रों नें 90 फीसदी, 77 विद्यार्थियों ने 95 और 302 छात्रों ने 80 फीसदी किया अंक प्राप्त**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 15 अप्रैल को कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए और इन परिणामों में ओपी जिंदल स्कूल के छात्रों ने इस वर्ष अपने ऐतिहासिक परीक्षा परिणामों से सफलता का ऐसा परचम लहराया है, जिसने जिले के शैक्षणिक जगत को आश्चर्यचकित और राज्य को गौरवान्वित कर दिया है।

यह परिणाम केवल आंकड़े नहीं, बल्कि समर्पण, उत्कृष्टता और निरंतर प्रयास की एक प्रेरणादायक गाथा है। इस वर्ष कुल 442 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से अभूतपूर्व संख्या में विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की। 168 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता का उच्च मानक स्थापित किया। 77 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। 302 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 90 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शत प्रतिशत अंक अर्जित किए। ये आंकड़े अपने आप में एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड हैं, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की अदम्य लगन को दर्शाते हैं। दिपांशु पोद्दार 99.2, अभिवीर सोनी 99, ओम गुप्ता 98.8, श्रीहन कुमार बेहेरा 98.4, देबजीत बोस 98.4 प्रतिशत, आद्या साहू 98.2 प्रतिशत, काव्या जायसवाल 98 प्रतिशत, एवं अर्पित गिल ने 98 प्रतिशत, अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के प्राचार्य आरके त्रिवेदी ने इस असाधारण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन साधना, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की मुक्त कंठ से भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उपलब्धि भविष्य के लिए एक नई प्रेरणा और मानक स्थापित करती है।

## वैदिक इंटरनेशनल स्कूल का ऐतिहासिक परिणाम, शत-प्रतिशत रहा रिजल्ट

**99 प्रतिशत बना सर्वोच्च अंक, 27 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी अंक किया अर्जित**





रायगढ़। वैदिक इंटरनेशनल स्कूल ने इस साल बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता अर्जित करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता एक बार फिर सिद्ध की है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं पूरे रायगढ़ शहर में हर्ष और गर्व का वातावरण है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने यह प्रमाणित कर दिया है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और सतत प्रयास से सफलता निश्चित है। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। मेधावी विद्यार्थियों में यशवंत चौधरी ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अरिन गरपाले ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सौम्या चौधरी ने 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विवेक बारिक ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हिमांशु बेहरा ने 96.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए तथा नीलिमा पटेल ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि इन उत्कृष्ट परिणामों के साथ साथ 27 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय के प्रेरणास्रोत एवं चेयरमैन आनंद अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम केवल परीक्षा में प्राप्त अंक नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को आधुनिक, संस्कारी, आत्मनिर्भर एवं सक्षम नागरिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अर्पिता गुप्ता ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की लगन, आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम का परिणाम है।



## 99.2 प्रतिशत के साथ कक्षा 10 वीं में शिवार्षी ने गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल का बढ़ाया मान



रायगढ़। स्वामिनारायण गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, एनटीपीसी लारा, रायगढ़ के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा घोषित 2026 के कक्षा 10 की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष विद्यालय का कुल औसत परिणाम 90.04 प्रतिशत रहा। इसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त करते हुए शत-प्रतिशत उत्तीर्ण होने का गौरव हासिल किया। इस वर्ष का सर्वोच्च परिणाम 99.2 प्रतिशत रहा, जिसे विद्यालय की मेधावी छात्रा शिबाश्री प्रधान ने प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन से पूज्यपाद मुक्तवलभदासजी स्वामी एवं प्राचार्य बी नागाराजा नायक ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके सतत प्रयास और अनुशासन की सराहना की। साथ ही, एनटीपीसी लारा प्रबंधन ने भी विद्यालय के विद्यार्थियों की इस उत्कृष्ट सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार श्रेष्ठ प्रदर्शन की अपेक्षा जताई है। विद्यालय परिवार इस उपलब्धि को निरंतर परिश्रम, समर्पण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम मानते हुए आगे भी उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आद्याशा ने सीबीएसई बोर्ड में 99.8 फीसदी अंकों से किया टॉप



रायगढ़। छाल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा आद्याशा परिदा ने कक्षा 10 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 99.8 फीसदी अंकों टॉप किया है। आद्याशा परिदा शुरू से ही पढ़ने में होशियार है। आद्याशा के माता पिता दोनों ही डीएवी पब्लिक स्कूल छाल और गेवरा में टीचर हैं। आद्याशा परिदा के पिता देबाशीष परिदा और माता सोमा परियाल ने बताया कि आद्याशा स्कूल से आने के बाद रोजाना 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती थी। पढ़े हुए विषय या टॉपिक को नियमित रूप से रिवीजन भी करती थी। उसे पढ़ाई के साथ साथ बैडमिंटन खेलना और चित्रकारी का काफी शौक है।

## खबर संक्षेप



### संविधान निर्माता को किया नमन

**सरसीवा।** समानता न्याय और अधिकारों के महान योद्धा भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं उनके विचार हमें समतामूलक शिक्षित और सशक्त समाज के निर्माण के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। उक्त बातें भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने कही आगे आयोजित भव्य शोभा यात्रा को सफल बनाने के लिए आप सभी का हृदय से आभार। यह आयोजन सामूहिक एकता और समरसता का प्रतीक रहा। आयोजन समिति की ओर से हम सभी सहयोगियों का विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। कर्मचारी एवं अधिकारीगण आपके सक्रिय योगदान और उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। सरपंच संघरू जमीनी स्तर पर नेतृत्व और सहयोग के लिए आप सभी का विशेष धन्यवाद। संत समाज आपके सानिध्य और आशीर्वाद से पूरा वातावरण आध्यात्मिक और प्रेरणादायी बना। नगर वासी सरसीवा परिक्षेत्र, बिलाईगढ़, भटगांव आप सभी के द्वारा दी गई सहयोग राशि और श्रमदान से ही यह आयोजन इस भव्यता तक पहुँच सका।

### अम्बेडकर जयंती पर दी गई कानून की जानकारी

**पुसौर।** एनटीपीसी लारा के सहयोगी ग्राम पंचायत कांदागढ़ में सरपंच रहे सोमती सिदार अपने कार्यकाल के दौरान लगातार क्षेत्र में जागरूकता लाकर लोगों को उनके अधिकार दिलाने में प्रयासरत रहे हैं। महिला समूहों को एक जुट कर उन्हें शासनाधीन आत्मनिर्भर बनाए जाने की दिशा में लाए गए योजनाओं को आत्मसात कर अपने जीवन में उपयोगी सिद्ध करने के लिये महिलाओं को प्रेरित करने में कारगर साबित हुए हैं। अपने पिछडे, आदिवासी सिदार समाज में पदाधिकारी रहकर इन दिनों ये ऐसा काम कर रहे हैं जिसमें कि समाज में आर्थिक विषमता, सामाजिक विषमता, शैक्षिक विषमता का स्थान न रह सके इसके लिए समाज के हर वर्ग से संपर्क साध रहे हैं। उन्होंने अम्बेडकर जयंती के अवसर पर देश के लिए उनके उपादेयता पर प्रकाश डाले। कहा कि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर एक ऐसी शख्सियत है जिन्होंने संविधान में हर वर्ग और हर धर्म के लिए हक अधिकार दिया। उन्होंने महिलाओं के लिए 5 फरवरी 1951 को हिंदू कोड बिल प्रस्तुत किया। जिसमे हिंदू महिलाओं को समस्त सामाजिक शोषण से मुक्त कराया लिंग भेद को मिटाकर महिलाओं को पुरुषों के समकक्ष दर्जा प्रदान कर समस्त अधिकारों को दिया और यह किसी एक वर्ग के महिलाओं के लिए नहीं था। सभी भारत के हर वर्ग के महिलाओं के लिए है और रहेगा।

### मल्टीपल से खाली रह गए पद, भर्ती की मांग

**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती 2023-24 में 5 हजार 967 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब एक नया विवाद सामने आया है। भर्ती में अपनाई गई मल्टीपल सिलेक्शन प्रक्रिया के कारण लगभग 1800 से 2000 पद रिक्त रह जाने का दावा अभ्यर्थियों द्वारा किया जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर हजारों अभ्यर्थियों ने प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा तथा पुलिस विभाग से शेष पदों को भरने की मांग करते हुए गुहार लगाई है। अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने इस भर्ती के लिए वर्षों तक कठिन परिश्रम किया है। कई युवाओं ने अपनी आजीविका तक छोड़कर दिन-रात तैयारी की ग्राउंड में पसीना बहाया और लिखित परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की। बावजूद इसके मल्टीपल सिलेक्शन प्रक्रिया के चलते अनेक योग्य और मेहनतकश अभ्यर्थी अंतिम चयन सूची से बाहर हो गए, जिससे उनमें गहरा आक्रोश और निराशा देखी जा रही है।

## गरीब परिवार का उजड़ा आशियाना ग्रामीण ने की एसपी से शिकायत



**घरघोड़ा।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छोटे गुमड़ा में एक गरीब परिवार के साथ बर्बर घटना सामने आई है। गांव के परशुराम गुप्ता ने एसपी को सौंपे आवेदन में आरोप लगाया है कि गांव के ही कपिलेश्वर पिता हरिशंकर ने उनके कच्चे मकान को जबरन तोड़कर दिया और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित परशुराम जो कि कृषि मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उसने बताया कि आरोपी गांव में प्रभावशाली है और पुलिस से अच्छे संबंध हैं। इसी का फायदा उठाकर वह ग्रामीणों पर लगातार दबाव और अत्याचार करता आ रहा है। पीड़ित के अनुसार, घटना उस वक्त हुई जब रात में परिवार सो रहा था। आरोपी ने जबरन उनके कच्चे मकान में घुसकर उसे तोड़ फोड़ दिया और मकान को पूरी तरह गिरा दिया। इतना ही नहींए घर के चारों ओर बने आहाते को भी नुकसान पहुंचाया गया। जब पीड़ित परिवार ने विरोध किया तो उन्हें अश्लील गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी देकर डराया गया। जब पीड़ित ने घरघोड़ा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करानी चाही, तो पुलिस ने शिकायत लेने के बजाय उन्हें ही डांट फटकार कर भगा दिया। पीड़ित का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने आरोपी के दबाव में आकर कार्रवाई करने से साफ इंकार कर दिया। न्याय की आस में पीड़ित एसडीएम घरघोड़ा के पास भी पहुंचे, जहां तहसीलदार और पटवारी द्वारा केवल मौके की औपचारिक जांच कर फोटो लेकर चले गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## एनटीपीसी में मनाई गई डॉ. अंबेडकर की जयंती

**रायगढ़।** शुरुआत में मुख्य अतिथि सुभाष ठाकुर, परियोजना प्रमुख और श्रीमती रेखा ठाकुर, अध्यक्षा प्रेरिता महिला समिति और वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और लारा कर्मचारी कल्याण संघ के सदस्यों ने भारतीय संविधान के मुख्य आर्किटेक्ट डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं बाबासाहेब की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, सुभाष ठाकुर ने आधुनिक भारत निर्माण में अंबेडकर के आदर्शों की अहमियत पर ज़ोर दिया और कर्मचारियों से प्रोफेशनल और सोशल लाइफ दोनों में बराबरी और सबको साथ लेकर चलने के मूल्यों को बनाए रखने की अपील की। बालभवन और गुरुकुल स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके अलावा, कर्मचारियों, एसोसिएट्स और बच्चों के बीच संवैधानिक मूल्यों और सोशल जस्टिस पर फोकस किया गया।

## जन गोष्ठी का किया गया आयोजन

**बरमकेला।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष शून्य से शतक के अवसर पर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा पुष्प वाटिका सतनाम भवन में जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य नागरिकों, समाज प्रमुखों, प्रबुद्धजनों, युवाओं एवं स्वयंसेवकों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति ने इसे एक विराट संगम का स्वरूप प्रदान किया, जहां समाज के विभिन्न वर्ग एक मंच पर एकत्रित होकर राष्ट्र निर्माण के विषय पर विचार विमर्श करते नजर आए। पूरे आयोजन स्थल पर अनुशासन, उत्साह और राष्ट्रभक्ति का वातावरण स्पष्ट रूप से महसूस किया गया। शताब्दी वर्ष संकल्प सेवा और संगठन का प्रतीक कार्यक्रम के मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ प्रांत के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की 100 वर्षों की यात्रा का विस्तार से उल्लेख किया।

## वर्ल्ड वाइड सुपर लीग ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में कुणाल को मिला रेफरशिप का मौका

- इस चैंपियनशिप का आयोजन खेलो इंडिया मल्टीपरपज हॉल राजस्थान पुलिस एकेडमी जयपुर में किया गया था
- छत्तीसगढ़ से अकेले रेफरी थे जिनको किया गया था आमंत्रित





**रायगढ़।** रायगढ़ ताइक्वांडो एकेडमी के कोच कुणाल महंत को वर्ल्ड वाइड सुपर लीग ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में रेफरशिप करने का मौका मिला। इस चैंपियनशिप का आयोजन खेलो इंडिया मल्टीपरपज हॉल राजस्थान पुलिस एकेडमी जयपुर में किया गया था। खास बात यह हैं कि छत्तीसगढ़ से कुणाल अकेले रेफरी थे जिनको इस चैम्पियनशिप में रेफरशिप करने के लिए आमंत्रित किया था। यहां आयोजित खेल में जहां देश भर से 850 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। वहीं देश भर से रेफरी भी वहां पहुंचे थे। इसमें इंटरनेशनल रेफरी सरबजीत सिंह भी आए थे। सरबजीत सिंह के नेतृत्व में ही इस पूरे खेल का आयोजन किया गया था। उनके द्वारा ही कई राज्यों से पहुंचे रेफरियों को इस मैच की बारीकियों से अवगत कराया गया। कुणाल को भी इस चैम्पियनशिप का हिस्सा बनाया गया था, यह एकेडमी और जिले के लिए भी गर्व की बात है।

### दिया गया मेडल

जितने वाले खिलाड़ियों को मेडल और कप से सम्मानित किया गया। साथ ही खिलाड़ियों के साथ पहुंचे कोच को भी मेडल दिया गया। निर्णायकों को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस खेल का आयोजन बीते 10 से 12 अप्रैल तक किया गया था। तीन दिवसीय आयोजन में रात तक खेल होता था, वजह पूरे देश से खिलाड़ी पहुंचे थे। काफी अधिक संख्या में खिलाड़ियों के शामिल होने से खेल को तय अवधि में पूरा करने की भी चुनौती थी।

### लाइव चल रहा था पूरा गेम्स

पूरा खेल लाइव हो रहा था। ऑर्गनाइजरों ने इसकी व्यवस्था की थी ताकि किसी तरह का कोई विवाद न हो। यू ट्यूब और अन्य चैनलों में इसका प्रसारण हो रहा था। इससे बाहर के लोग भी इस खेल से जुड़े रहे। ताइक्वांडो इंडोर गेम है, इसलिए इसका लाइव किया गया था।

यहां 20-25 रेफरी थे जिन्होंने निष्पक्ष होकर फैसला किया। सबसे बड़ी बात यह है कि इस खेल में अधिकांशतया विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है, लेकिन इंटरनेशनल रेफरी की सूझबूझ और उनके द्वारा अन्य रेफरियों को बारीकी से दी गई जानकारी की वजह से कोई विवाद नहीं हुआ। इस पूरे खेल के आयोजन में रेफरियों की अहम भूमिका होती है, कारण इसमें जो अंक दिए जाते हैं वह कोरियन भाषा में होती है। जिसे रेफरी खिलाड़ियों के हिट और प्रदर्शन के आधार पर देते हैं। इस खेल के रेफरी जज कहलाते हैं। खास बात यह है कि कोर्ट के सेंटर में तो एक ही रेफरी होते हैं लेकिन इसके अलावा अन्य चार रेफरी भी होते हैं जो पूरे खेल के दौरान खिलाड़ियों को वाच करते हैं। सेंटर रेफरी को यदि निर्णय देने में किसी तरह की असमंजस महसूस होती है तो अन्य चारों रेफरियों से चर्चा कर अंतिम निर्णय देते हैं। इसलिए इस खेल के निर्णायकों को निर्णय करने में काफी चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता हैं।

### ताइक्वांडो में ऋषभ ने अर्जित किया स्वर्ण पदक



घरघोड़ा। वर्ल्ड वाइड सुपर लीग इंटरनेशन ताइक्वांडो चैंपियनशिप सीजन 2 का आयोजन जयपुर राजस्थान में 10 से 12 अप्रैल तक किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विनर एकेडमिक से 8 प्रतिभागियों ने कोच ऋषि सिंह के साथ राजस्थान के लिए रवाना हुए थ। पूरे मैच के दौरान 5 गोल्ड और 4 सिल्वर मेडल जीते। इसी कड़ी में ऋषभ सिंह ने 35 की ग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में झारखंड एवं सेमी फाइनल में हरियाणा एवं फाइनल में नेपाल को हरा कर गोल्ड मेडल अपने नाम कर अपने जिले का नाम रोशन किया। ऋषभ पूर्व में दो स्टेट एवं एक नेशनल खेल कर दो ब्रोंज मेडल अर्जित कर

## तालाब के दूषित पानी में निस्तारी की मजबूरी वार्ड वासियों में आक्रोश, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**सरिया।** गर्मी के पहले तालाबों का निरीक्षण नहीं करने और उचित रखरखाव के अभाव में आए दिन तालाब दूषित हो रहे हैं और दूषित पानी में निस्तार करने को मजबूर आम लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ऐसे ही आक्रोश का सामना इन दिनों नगर पंचायत सरिया को करना पड़ रहा है। आज गुरुवार को बड़ी संख्या में महिलाओं ने नगर पंचायत पहुंचकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि शीघ्र ही तालाब की दूषित जल को हटाकर स्वच्छ जल एवं साफ सफाई तथा प्रदूषण मुक्त तालाब की जाए। अन्यथा आंदोलन किया जाएगा।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया व नगर पंचायत सरिया में गर्मी के दिनों तालाबों की साफ सफाई, रखरखाव, प्रदूषण मुक्त नहीं होने से आम नागरिकों में तीव्र रोष व्याप्त है। नगर के वार्ड क्रमांक 3, 4 एवं 5 के वासिंदो ने गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है कि बड़ी संख्या में इन वार्डो की आम नागरिक बोकाबंध तालाब पर निर्भर हैं तथा विगत दो माह से तालाब की साफ सफाई, रखरखाव एप्रदूषण मुक्त नहीं होने के कारण तालाब के पानी दूषित हो गया है और हमें दूषित पानी में निस्तार करने को मजबूर हैं। जिसके कारण छोटे छोटे बच्चों एयुवा वर्ग, बड़े बुजुर्ग सब तालाब पर निर्भर है और यदि दूषित पानी से संक्रमण, महामारी फैलने की प्रबल संभावना है। यदि इन वार्डो में दूषित पानी के कारण कोई बीमारी फैली तो पूरे नगर को चपेट में ले लेगा।

### दो महीने से खराब है बोर पंप

बोकाबंध तालाब में भी बीते दो महीने से ट्यूबवेल खराब होने से नगर पंचायत के द्वारा मोटर को निकाल लिया गया है ।जो अब तक नहीं लगाया गया है। इसके कारण तालाब में स्वच्छ जल की आपूर्ति संभव नहीं है। ऐसे ही नगर के अधिकांश तालाबों में ट्यूबवेल के माध्यम से स्वच्छ पानी भरने की व्यवस्था है। यदि किसी कारणवश मोटर में कुछ परेशानी आती है तो तुरंत ही उसे बदल जाए तथा नगर के तालाबों में स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जाए। आज इसी मांग को लेकर वार्ड क्रमांक 3-4 एवं 5 के वसींदों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से आरती गुप्ता, बिजली साहू, शैलेंद्र साहू, सविता सिदार, कस्तूरी सिदार, कुंती सिदार, माधुरी सिदार, आशा, रंगोवती, लता उमा, पवित्र, वनिता, सत्यवती, अंजना, तापी, हारावती आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## सीएम ने किया पोड़ी, छाल और मुनुंद सहकारी समितियों का वर्चुअल लोकार्पण



**छाल।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा कूड़ेकेला समिति के अंतर्गत दो नवीन समितियां पोड़ी छाल और मुनुंद समिति का भी विधिवत शुभारंभ किया गया। नवीन समितियों के गठन से स्थानीय किसानों में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों कृषक बंधुओं ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से खाद बीज और ऋण संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण होगा और खेती किसानी को मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला कार्य समिति सदस्य संजय गुप्ता ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नवीन समितियों के माध्यम से शासन की योजनाएं सीधे किसानों के दरवाजे तक पहुँचेंगी। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी भजन सिंह राठिया प्राधिकृत अधिकारी, नीताशा टोप्पो जिला अधिकारी, एचआर नागवंशी सहकारिता विस्तार अधिकारी। जनप्रतिनिधि गायत्री राजकुमार राठिया सरपंच, खगेश्वर सिंह राठिया, राजकमल राठिया, भवन कुमार निषाद, दुबराज सिंह सिदार, बाल सिंह सिदार, घासी राम सिदार, नरेश सिंह राठिया। स्थानीय सरपंचगण संतराम राठिया कूड़ेकेला, बिरम सिंह राठिया ग्राम पंचायत सरपंच, जवाहरलाल गेबल उपसरपंच, श्रीमती उतमा राठिया कीदा सरपंच मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं इनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त